an>

Title: Demand to setup agriculture based industry in Sitapur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh. .

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र सीतापुर की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं । हमारा सीतापुर जनपद अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के हिसाब से ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है और यहां बेरोजगारी और गरीबी की गम्भीर समस्या है । मैंने कई बार मांग भी की है, जिसको मैं दोहराना चाहता हूं कि हमारा संसदीय क्षेत्र कृषि आधारित क्षेत्र है और वहां गेहूं, धान और गन्ने की फसल उत्पन्न होती है । मेरी मांग है कि वहां एक बड़ा उद्योग स्थापित किया जाए । मैं आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहता हूं कि पूर्व में यहां पर कृषि वेस्ट आधारित एक इंडस्ट्री की स्थापना के लिए एक घोषणा भी हुई थी परंतु अभी तक उसका कोई विचार सामने नहीं आया है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि कृषि आधारित कोई बड़ा उद्योग हमारे सीतापुर में स्थापित किया जाए जिससे अल्पसंख्यकों को, गरीबों को और पिछड़ों को बेरोजगारी से निजात मिल सके और वहां से गरीबी का उन्मूलन हो सके । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री रेखा वर्मा को श्री राजेश वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।